## दिनांक 03.02.2015 को आयोजित IFAD-ILSP परियोजना संचालन समिति (PSC) की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की संचालन समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 03.02.2015 को अपराह्न 04:00 बजे मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना संचालन समिति, श्री एन रविशंकर की अध्यक्षता में मुख्य सचिव सभागार, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:–

उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि एवं अधिकारियों का विवरण :–

1. अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन, श्री एस॰ राजू।
2. सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन, डा॰ निधि पाण्डेय।
3. सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन के प्रतिनिधि डा॰ कमल मेहरोत्रा, निदेशक, पशुपालन उत्तराखण्ड।
4. सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन के प्रतिनिधि श्री धीरेन्द्र सिंह दताल, संयुक्त सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि श्री गम्भीर सिंह, मुख्य वन संरक्षक, गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
6. परियोजना निदेशक, ILSP-PSWMD श्री कपिल लाल।
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक, श्री पवन कुमार।
8. डा॰ बी॰एस॰ नेगी, निदेशक, बागवानी मिशन, उत्तराखण्ड (विशेष आमंत्री)।
9. डा॰ संदीप रावत, संयुक्त निदेशक (नियोजन) पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड (विशेष आमंत्री)।
10. मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP, श्री विजय कुमार।

परियोजना के अधिकारियों/स्टाफ की उपस्थिति का विवरण:–

1. श्री एम॰ एस॰ यादव, प्रबन्धक– मानव संसाधन, UGVS
2. श्री राजीव सिंघल, प्रबन्धक– मुख्य कार्यक्रम प्रबन्धन, UGVS
3. श्री ललित कुमार, वित्त प्रबन्धक, UGVS.
4. श्री अजय पुरोहित, सलाहाकार– MIS, UGVS

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा संचालन समिति की चतुर्थ बैठक में सदस्यों की गणपूर्ति पूर्ण होने के क्रम में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है:–



N. Ravi Shankar.

कार्यसूची PSC: 4.01:

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की दिनांक 31.01.2014 को आयोजित तृतीय बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना संचालन समिति की तृतीय बैठक दिनांक 31.01.2014 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक का कार्यवृत्त सदस्यगणों के समक्ष संज्ञानार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। सदस्यगणों द्वारा अवलोकन कर कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

कार्यसूची PSC: 4.02 :

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की दिनांक 31.01.2014 को आयोजित परियोजना संचालन समिति की तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की दिनांक 31.01.2014 को आयोजित तृतीय बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा इंगित बिन्दुओं पर कृत कार्यवाही/अनुपालन की स्थिति सदस्यों के संज्ञानार्थ व अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई।

सदस्यों द्वारा अनुपालन की स्थिति का अवलोकन कर संज्ञानार्थ लिया गया।

कार्यसूची PSC: 4.03 :

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वित्तीय वर्ष 2014–15 की प्रगति आख्या।**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2014–15 की जनवरी 2015 के अंत तक की अद्यतन प्रगति (रू०20.16 करोड) समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन द्वारा अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि परियोजना हेतु स्टॉफ एवं विकास खण्ड स्तर पर क्रियान्वयन हेतु तकनीकी संस्थाओं का चयन विलम्ब से (माह जनवरी 2015 में) होने के कारण परियोजना की प्रगति कम है। अब माह फरवरी 2015 से स्टॉफ की नियुक्ति व तकनीकी संस्थाओं के द्वारा फील्ड स्तर पर कार्य प्रारम्भ करने से परियोजना के क्रियान्वयन में गति आयेगी। परियोजना को गति प्रदान करने के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा Project Loan Agreement तथा Project Implementation Manual के प्रावधानों के अन्तर्गत स्वीकृत AWPB के सापेक्ष परियोजना कार्यो का क्रियान्वयन त्वरित गति से करने के लिए शासन स्तर पर लिये जाने वाले समस्त नीतिगत निर्णयों को लेने के लिए अपर मुख्य सचिव/वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन/संबंधित PIA (UGVS, PSWMD, UPASaC) की प्रबन्धन समिति/अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। अन्य प्रोजेक्ट क्रियान्वयन से संबंधित मामलों पर संबंधित परियोजना निदेशक/मुख्य परियोजना निदेशक स्तर पर से निर्णय लिया जाय।



N. Ravi Shanker.

(कार्यवाही– अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन/संबंधित PIA (UGVS, PSWMD, UPASaC) की प्रबन्धन समिति/अध्यक्ष ,CPD, CPCU-ILSP; PD, UGVS ; PD, PS-WMD व MD, UPASaC)

इसी क्रम में अध्यक्ष महोदय द्वारा चयनित तकनीकी संस्थाओं के तकनीकी स्टॉफ की दक्षता को update करते हुए आधारभूत न्यूनतम स्तर से ऊपर लाने के लिए विवेकानन्द पर्वतीय कृषि संस्थान, अल्मोड़ा के स्तर से प्रशिक्षण दिलाये जाने एवं विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन में संबंधित रेखीय विभाग/बोर्ड से समन्वयन कर Convergence के प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही– PD, UGVS/ PD, PSWMD)

**कार्यसूची PSC: 4.04 :**
**<u>एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2014–15 की संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट (AWP&B) का अनुमोदन</u>**

उपरोक्त बिन्दु संख्या–3 पर हुई चर्चा एवं वित्तीय वर्ष में मात्र दो माह का समय शेष होने को समिति द्वारा संज्ञान में लेते हुये वर्ष 2014–15 के रू०130.90 करोड़ के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट को रू०55.19 करोड की परियोजना प्रबन्धन समिति की संस्तुति के क्रम में संशोधन कर रू०35.00 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना का निम्नानुसार परियोजना संचालन समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया:–

**INDIA: UTTARAKHAND INTEGRATED LIVELIHOODS SUPPORT PROJECT (ILSP)**
**Revised Estimates (RE) AWPB: 2014-15**
**SUMMARY**

| Acct | COMPONENT | Approved Budget 2014-15 | Revised Budget 2014-15 | | Financing Plan (000 INR) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Amt (,000) | No. of Programme | Amt (,000) | GoUK | IFAD (Reimbursement) | Banks | Beneficiary |
| 10000 | **Food Security & Livelihood Enhancement** | ***799,843*** | ***9,451*** | ***171,829*** | ***28,056*** | ***139,312*** | | ***4,460*** |
| 20000 | **Participatory Watershed Development** | ***302,940*** | **1,105** | **99,775** | **44,939** | **50,477** | | **4,359** |
| 30000 | **Livelihoods Finance** | ***173,768*** | ***1,435*** | ***64,451*** | ***3,072*** | ***8,335*** | ***51,200*** | ***1,843*** |
| 40000 | **Project Management** | | | | | | | |
| 41000 | Central Project Coordination Unit -CPCU | 6,102 | 38 | 1,025 | 351 | 673 | | |
| 42000 | M&E and Knowledge Management -UGVS | 16,604 | 339 | 11,485 | 1,849 | 9,635 | | |
| 43000 | M&E and Knowledge Management -WMD | 9,730 | 49 | 1,435 | 446 | 989 | | |
| | **Subtotal Project Management** | **32,436** | **426** | **13,945** | **2,646** | **11,298** | | |
| | **G.Total** | **1,308,987** | **12,417** | **350,000** | **78,713** | **209,422** | **51,200** | **10,662** |



N. Ravi Shankar

कार्यसूची PSC: 4.05 :

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2015–16 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट रू॰142.75 करोड़ को परियोजना प्रबन्धन समिति के अनुमोदन उपरान्त संचालन समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा चर्चा उपरान्त उक्त को रू॰100.00 करोड़ अनुमोदित करने का निणर्य लिया गया तथा यदि क्रियान्वयन के समय आवश्यकता हुई तो उक्त को तद्नुसार संशोधित किया जायेगा। उपरोक्तानुसार रू॰100.00 करोड़ की वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का विवरण निम्नानुसार हैः–

**INDIA: UTTARAKHAND INTEGRATED LIVELIHOODS SUPPORT PROJECT (ILSP)**
**Budget Estimates (BE): 2015-16**
**SUMMARY**

| Acct | COMPONENT | Total Amt. ('000) | | Financing Plan Amt. ('000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | AWPB 2015-16 | | GoUK | IFAD (Reimbursement) | Banks | Beneficiary |
| | | Units | Amt (,000) | | | | |
| 10000 | **Food Security & Livelihood Enhancement** | *35,574* | *571,130* | *54,319* | *485,273* | | *31,537* |
| 20000 | **Participatory Watershed Development** | *3,426* | *289,620* | *65,692* | *200,807* | | *23,120* |
| 30000 | **Livelihoods Finance** | *2,350* | *102,746* | *7,470* | *15,153* | *76,500* | *3,622* |
| 40000 | **Project Management** | | | | | | |
| 41000 | Central Project Coordination Unit-(CPCU) | 156 | 9,753 | 3,474 | 6,279 | | |
| 42000 | M&E and Knowledge Management-UGVS | 910 | 15,989 | 3,948 | 12,040 | | |
| 43000 | M&E and Knowledge Management-WMD | 209 | 10,762 | 2,244 | 8,517 | | |
| | **Subtotal Project Management** | *1,275* | *36,504* | *9,667* | *26,836* | | |
| | **Total** | **42,625** | **1,000,000** | **137,148** | **728,069** | **76,500** | **58,278** |

कार्यसूची PSC:4.06 :

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) के वित्तीय वर्ष 2013–14 के कार्यो की ऑडिट रिर्पोट एवं Project Financial Statement**

सदस्य॰ सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2013–14 में माह जुलाई 2013 से मार्च 2014 तक की गतिविधियों का ऑडिट CAG Empennelled, CA Firm M/s DMA & Associates के द्वारा किया गया। ऑडिट उपरोन्त IFAD द्वारा निर्धारित प्रारूप में Project Financial Statement माह सितम्बर 2014 में IFAD को प्रेषित किया जा चुका है।

समिति द्वारा ऑडिट रिपोर्ट का अवलोकन किया गया।

कार्यसूची PSC: 4.07 :

**Department of Economic Affairs (DEA), New Delhi द्वारा दिनांक 01.05.2014 को प्रेषित पत्र तथा दिनांक 17.11.2014 से 24.11.2014 के मध्य Implementation Support Mission की रिपोर्ट ।**

माननीय सदस्यगणों के संज्ञान मे लाया गया कि दिंनाक 28.02.2014 को Department of Economic Affairs (DEA), New Delhi तथा आईफैड की नई दिल्ली मे Review Meeting आयोजित की गयी, जिसमे ILSP परियोजना की समीक्षा में परियोजना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। तदोपरान्त DEA द्वारा परियोजना को गति प्रदान हेतु Delegation of Powers की आवश्यकता को देखते हुये उत्तराखण्ड शासन को दिनांक 01.05.2014 को पत्र प्रेषित किया गया जिसमे मुख्यतः निम्नवत वर्णित है :

"After analyzing the state of implementation of the ILSP and drawing from the experience of the other projects, it was felt that project could pick up pace if the delegation of powers for all project-specific decision making was appropriately and adequately done. **The state government should consider empowering the Project Steering Committee and the Project Management Committee and the Central Project Coordination Unit (CPCU) and 3 PIAs (UGVS/ PSWMD/UPASAC) appropriately and adequately so that all project-related issues are decided upon expeditiously without there being any need for matters being referred on file or various approvals to various departments."**

इस क्रम में IFAD के दिनांक 17.11.2014 से 24.11.2014 के मध्य Implementation Support Mission की रिपोर्ट सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई।

उपरोक्त पर चर्चा उपरान्त Mission Report के बिन्दुओं पर समयबद्ध कार्यवाही करने एवं कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या 4.03 पर समिति द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार कार्यवाही करने के अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये। मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि ILSP प्रोजेक्ट/Financing Agreement के पैरा–5 (परियोजना संचालन समिति); पैरा–6 (परियोजना प्रबन्धन समिति); पैरा–8 (केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई); पैरा–9 {Project Parties/PIAs (UGVS, PS-WMD, UPASaC)}; पैरा–10 (Project Directors); पैरा–11 (Subsidiary Agreements); पैरा–12 (जिला समन्वयन एवं अनुश्रवण समिति) एवं पैरा–13 (Project Implementation Manual) तथा IFAD General Conditions के Article VII (Implementation of the Project) संबंधी प्राविधानों के अनुरूप प्रोजेक्ट क्रियान्वयन को गति प्रदान करते हुए सभी संबंधित स्तरों से समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। भारत सरकार के निर्देशों दिनांक 01.05.2014 के क्रम में Project/Financing Agreement में



N. Ravi Shanker.

उल्लिखित स्तरों के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्तर पर प्रोजेक्ट संबंधी निर्णयों के लिए विभिन्न विभागों के शासन स्तर पर प्रकरणों को संदर्भित करने की आवश्यकता नहीं है।

(कार्यवाही– अपर मुख्य सचिव / आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन, सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन / संबंधित PIA (UGVS, PSWMD, UPASaC) की प्रबन्धन समिति / अध्यक्ष ,CPD, CPCU-ILSP; PD, UGVS ; PD, PS-WMD o MD, UPASaC½

कार्यसूची PSC: 4.08 :

ILSP के Re-structuring के संबंध में ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त पत्र।

ILSP के Re-structuring के सम्बन्ध में ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन का शासनादेश सं॰ 770/Sec.RD/Camp 2014 देहरादून दिनांक 24.12.2014 का संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष महोदय द्वारा परियोजना प्रबन्धन समिति के निर्देशों के अनुरूप अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही :– मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP)

उपरोक्त के साथ ही मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थितगण प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।

N. Ravi Shanker

(एन॰ रविशंकर) N. Ravi Shanker)
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं Chief Secretary Govt. of Uttarakhand
अध्यक्ष, परियोजना संचालन समिति,
एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना–ILSP

(विजय कुमार)
परियोजना समन्वयक,
केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई,
एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना
(ILSP)

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD-ILSP)**
**केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई (CPCU)**
**(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)**
216, पंडितवाड़ी, फेज–II, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 1538 /PSC/2-1-21/2014–15 दिनांक 05-02-2015

प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
3. सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन
4. सचिव, जलागम, देहरादून।
5. सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
7. सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।

8. सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तराखण्ड शासन।
9. सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन।
10. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
11. मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
12. परियोजना निदेशक, ILSP-PSWMD उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई।
13. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।

05/02/2015

(विजय कुमार)
परियोजना समन्वयक,
केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई,
एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP)